an>

Title: Need for expansion of postal services in Barmer and Jaisalmer in Rajasthan.

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेतू भारत-पाक सीमा से लगभग 600 किमी से ज्यादा सटा है। अशिक्षा एवं संसाधनों के अभाव में यह क्षेतू हर दृष्टि से पिछड़ा है। संचार के साधनों की कमी के कारण यह क्षेतू आधुनिक साधनों एवं सुविधाओं से वंचित है। इस एरिया का क्षेतूफल लगभग 60 हजार वर्ग किमी है, जिसकी जनसंख्या 3273660 है। 19 ब्लॉक में 581 गूाम पंचायतें हैं, जिनमें 3300 राजस्व गूाम हैं। रेगिस्थानी क्षेतू और उद्योगों के अभाव में जयादातर स्थानीय जनता व्यापार एवं मजदूरी हेतु अन्य पूदेशें में जाते हैं। उनके घर पर आशिक्षित परिवारजन को बैंकिंग एवं डाक सेवाओं की नितान्त आवश्यकता होती है। बाडमेर मंडल में एक पूधान डाक घर, 4 स्थानों पर एसएलजी है, दो स्थानों पर दो तिृव्यक्ति डाक घर है, 15 स्थानों पर द्विव्यक्ति डाक घर, 13 स्थानों पर एकल व्यक्ति डाक घर है। जो उपभोक्ता, जनसंख्या एवं अधिनस्थ कार्य क्षेतू को देखते हुए अपर्याप्त है। डाक घरों में अपर्याप्त स्टाफ एवं संसाधनों के कारण गूामीण क्षेतू की जनता को बैंकिंग एवं अपनी डाक संबंधी सुविधाएं पूाप्त नहीं हो पा रही हैं, अतः मेरी मांग है कि डाक घरों में बैंकिंग, डाक, बीमा, ई-मितू सेवाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय मनी ट्रांसफर सेवाएं, ई कॉमर्स आदि क्षेतू के कार्यों को समय पर संपादित करने हेतु गूामीण क्षेतू में द्विव्यक्ति डाक घरों की सेवाएं बढ़ाई जाएं।

सेवड़ा, गिडा, रानीगांव, मेवानगर, रावतसर जैसे डाकघरों में सिफी नेटवर्क से जोड़ने हेतु बीएसएनएल का बीटीएस स्वीकृत कर बैंकिंग सोल्युशन सिस्टम से जोड़ा जाए। 3300 गांवों को कवर करने के लिए मातू 471 गांवों में जो डाक सुविधाएं हैं, उनको बढ़ाते हुए गूामीण डाक घरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। डाक घरों के लिए आरक्षित भूमि पर चारदीवारी एवं भवन निर्माण के अभाव में लगातार अतिकूमण की घटनाएं बढ़ रही है। विभाग अपनी भूमि पर कब्जा रखने के लिए भवन या चारदीवारी निर्माण कराएं।

HON. CHAIRPERSON: Shri Choudhary, only one matter is allowed.

COL. SONARAM CHOUDHARY: I am concluding. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is allowed to associate with the matter raised by Col. Sonaram Choudhary.